is Question Paper contains 8 printed pages.

Seat No.:

l. No. :

# 009(H)

**(February, 2025)**

*me : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 100*

**नाएँ :**

1) **इस प्रश्नपत्र में पाँच विभाग हैं।**

2) **सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।**

3) **सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

---

## विभाग - A

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** *[8]*

1) नमक की गाड़ियाँ किसकी थीं?

(अ) मुंशी वंशीधर की (ब) पण्डित जगप्रसाद की

(स) पण्डित अलोपीदीन की (द) बदलू सिंह की

2) गाँधीजी भगवान से क्या प्रार्थना करते रहे?

(अ) रक्षा के लिए (ब) देशवासियों के हक के लिए

(स) जोहनिसबर्ग पहुँचने के लिए (द) स्वतंत्रता के लिए

3) लेखक की माँ क्यों रोने लगीं?

(अ) घर बेचने के कारण

(ब) पिता का अवसान

(स) खेत में नुकसान

(द) अकेली रहने से

4) सोमा बुआ की पड़ोसन का नाम क्या था?

(अ) राधा (ब) रोहिणी

(स) रूपा (द) रश्मि



https://www.gujaratboardonline.com

5 ) सरस्वतीचन्द्र के पीछे सवारों को किसने भेजा था?

(अ) कुमुदसुन्दरी (ब) गुणसुन्दरी

(स) विद्याचतुर (द) बुद्धिधन

6 ) सुभाष बाबू का जीवन-पथ कैसा रहा?

(अ) सुखमय (ब) संघर्षमय

(स) आनंदमय (द) भावमय

7 ) खटका होने पर दरवाजा खोला तो -----

(अ) प्रकाशक खड़ा था। (ब) मित्र खड़ा था।

(स) कुत्ता खड़ा था। (द) बैल खड़ा था।

8 ) वज़ीर अली वकील का कत्ल करके कहाँ भाग गया?

(अ) अफ़गानिस्तान (ब) नेपाल

(स) आज़मगढ़ (द) दिल्ली

■ **रचना के साथ योग्य पात्र का जोड़ा मिलाकर लिखिए :** [2]

| रचना | पात्र |
| --- | --- |
| 9 ) चार्ल्सटाउन से जोहनिसबर्ग | (i) वंशीधर |
| | (ii) सोमा बुआ |
| 10 ) अकेली | (iii) गोरा मुखिया |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए:** [4]

11 ) गाँव का पुश्तैनी घर बंद क्यों रहता था?

12 ) सुभाष बाबू अज्ञात लोक के यात्री में से किस लोक के यात्री हो गए?

13 ) 'रेडियम' से कितने प्रकार की किरणें निकलती हैं?

14 ) लेखक हरिशंकर परसाई क्या भूलना चाहते हैं?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [6]

15 ) चार्ल्सटाउन से जोहनिसबर्ग कैसे पहुँचा जाता था?

16 ) लेखक अपना जन्मदिन क्यों छिपाता है?



https://www.gujaratboardonline.com

17 ) इस देश में कौन-कौन से रहस्य होते आए हैं?

18 ) अनंत शून्य में रेडियम की स्थिति क्या थी?

19 ) वंशीधर रात को जमुना नदी पर क्यों गए?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए :** *[5]*

20 ) सोमा बुआ की पारिवारिक समस्या क्या थी?

**अथवा**

20 ) 'वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

## विभाग - B

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[8]**

21 ) कृष्ण अपने हाथों से गोपियों पर क्या डालते हैं?

(अ) रंग (ब) अबीर

(स) गुलाल (द) चंदन-केसर

22 ) कृष्ण किसके हो गए हैं?

(अ) गोपी के (ब) राधा के

(स) बाँसुरी के (द) मोरपंख के

23 ) बालक भरत किसके आश्रम में पढ़ रहा था?

(अ) द्रोणाचार्य के (ब) कश्यप के

(स) गौतम के (द) दुर्वासा के

24 ) झुनझुना का अर्थ क्या है?

(अ) खिलौना (ब) झरना

(स) गरम पानी (द) झुंझलाहट

25 ) कवि ने मानसरोवर के श्याम नील सलिल में किसको तैरते देखा है?

(अ) मछलियों को (ब) हंसों को

(स) बगुलों को (द) भैंसों को



https://www.gujaratboardonline.com

26 ) लघु जीवन लेकर आये हैं, .........।

(अ) वह टूट गया तो टूट गया (ब) प्याले टूटा ही करते हैं

(स) वह कच्चा पीनेवाला है (द) कब रोता है चिल्लाता है

27 ) युद्ध और आतंक किसके पर्याय हैं?

(अ) वितृष्णा के (ब) आतंक के

(स) सामाजिकता के (द) मानसिकता के

28 ) कवि उदयप्रकाश पढ़ना-लिखना किसकी मदद से सीखता है?

(अ) दीदी की (ब) माता की

(स) पिता की (द) भाई की

■ **कविता के साथ कवि का नाम लिखकर जोड़ा मिलाइए :** **[2]**

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| 29 ) | जो बीत गई सो बात गई | (i) | नरेश मेहता |
| | | (ii) | हरिवंशराय बच्चन |
| 30 ) | बादल को घिरते देखा है | (iii) | नागार्जुन |

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

31 ) घर और दफ़्तर में क्या टँगा है?

32 ) दीदी के किस्सों से कवि क्या प्राप्त करता था?

33 ) कवि ने चिट्ठी की तुलना किससे की है?

34 ) श्रेष्ठ योद्धा के रूप में कौन जाना जाता है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

35 ) सत्य की प्राप्ति के बारे में युधिष्ठिर के विचार लिखिए।

36 ) बालक ने क्रोधित सिंहनी से क्या कहा?

37 ) गोपियाँ ब्रज से क्यों भाग जाना चाहती हैं?

38 ) सितारे के रूपक से कवि क्या समझाना चाहते हैं?

39 ) कवि को इसकी क्यों चिंता है कि घर नदियों के किनारे बने हैं?



https://www.gujaratboardonline.com

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए : [5]

40 ) ब्रज में कृष्ण द्वारा होली खेलने का वर्णन कीजिए।

अथवा

40 ) बैरंग बेनाम चिट्ठी में लिखे दुख-दर्द का वर्णन कीजिए।

## विभाग - C

■ निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : [2]

41 ) सूत्रपात

42 ) अंबर

■ निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : [2]

43 ) नमकहराम

44 ) विधवा

■ निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : [2]

45 ) पत्थर

46 ) आँसू

■ निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए : [2]

47 ) साहित्यिक

48 ) मादकता

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द दीजिए : [2]

49 ) पति द्वारा त्यागी हुई स्त्री

50 ) देश से निकाला हुआ



https://www.gujaratboardonline.com

**निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :** [1]

51 ) शुद्ध गाय का दूध चाहिए।

**निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए :** [1]

52 ) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

**निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** [4]

53 ) पौ बारह होना

54 ) लोहा लेना

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [4]

55 ) पुस्तकालय पुस्तकों के आलय क्यों हैं?

56 ) सूचना प्रौद्योगिकी का क्या अर्थ है?

57 ) पिनकोड में कितने अंकों का कोड होता है?

58 ) राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?

# विभाग - D

**निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** [5]

59 ) जो बीत गई सो बात गई!
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया,
अम्बर के आनन को देखो,



https://www.gujaratboardonline.com

■ **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक-तिहाई में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

60 ) सुलेखन से मेरा मतलब लिपि की सुंदर लिखावट से है। आजकल लेखन कला की जो हत्या हो रही है वह एक खेद का विषय है। मध्य काल में सुलेखन पर बहुत ज़ोर दिया जाता था। लेखक इस बात पर विशेष ध्यान देता था कि उसके अक्षर सुंदर, सुडौल हों, उसकी लिपि आकर्षक हो! समाज में भी ऐसे लेखक की बड़ी प्रशंसा होती थी। आज तो उलटा ही भ्रम फैल गया है। न जाने कहाँ से यह बात चल पड़ी है कि - 'बड़े लोगों' के हस्ताक्षर सुंदर होते ही नहीं हैं। इसके प्रमाण में एक-दो आदमियों के नाम गिना दिए जाते हैं। पर वास्तव में यह कोरा भ्रम है। अनेक ऐसे बड़े आदमियों के नाम लिये जा सकते हैं कि जिनके हस्ताक्षर बहुत ही सुंदर हैं। अगर इस भ्रम को सत्य मान भी लिया, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि जिनके हस्ताक्षर बुरे हैं, वे सभी बड़े आदमी होते हैं।

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **[5]**

हमारे पूर्वजों ने स्त्री का बड़ा महत्त्व माना है। उन्होंने स्त्री को धार्मिक कार्यों में अग्रस्थान दिया है और उसकी बड़ी प्रशंसा की है। वे मानते थे कि जिस घर में विदुषी नारी होती है, वहाँ के नर-नारी सद्‌गुणों से विभूषित हो जाते हैं। इसीलिए तो मनु ने कहा है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।" अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। स्त्री तो घर की रानी है। उसका प्रभाव बच्चों पर सबसे ज़्यादा पड़ता है। बचपन में बालकों पर जो गहरे संस्कार पड़ते हैं, वे हमेशा के लिए रहते हैं। इस प्रकार स्त्री के कारण ही मानव समाज ने उन्नति की है। स्त्री ही दुनिया में बड़े-बड़े महापुरुष पैदा करती है। https://www.gujaratboardonline.com

मानव समाज की उन्नति में उसका जितना हाथ है, उतना किसी और का नहीं है। उनकी प्रेरणा से संसार में मनुष्य-रत्न पैदा हैं और मानव समाज को उन्नति के पथ पर ले जाते हैं।

61 ) हमारे पूर्वजों ने स्त्री को क्या महत्त्व दिया है?

62 ) मनु ने नारी की महत्ता को किस ऊँचाई तक पहुँचाया है?

63 ) बालकों के जीवन-निर्माण में स्त्री का क्या योगदान है?



https://www.gujaratboardonline.com

64 ) मानव समाज को उन्नति के पथ पर कौन ले जाता है?

65 ) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

# विभाग - E

■ **निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** **[5]**

66 ) गाँव — अकाल — दयालु ज़मींदार — ग़रीब बच्चों को रोटियाँ बाँटना — एक छोटी रोटी — हर बालक का बड़ी रोटी के लिए झपटना — छोटी को न लेना — एक बालिका का उसे उठाना — घर जाकर तोड़ना — अंदर सोने की मुहर — लौटाना — इनाम — बोध।

■ **निम्नलिखित विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :** **[10]**

67 ) (1) कोरोना ने बदला हमारा जीवन

प्रस्तावना — कोरोना से बदलाव — कोरोना का असर — मानवीय रिश्तों पर प्रभाव — विश्व की अर्थव्यवस्था में प्रभाव — पढ़ाई में आया व्यवधान — रोकने के उपाय — बचने के उपाय — उपसंहार।

**अथवा**

(2) मेरा प्रिय हिन्दी लेखक

परिचय — साहित्य का रूप — कहानियाँ और उपन्यास — विशेषताएँ — अन्य बातें — प्रिय होने के कारण।

**अथवा**

(3) एक अनाथ बालक की आत्मकथा

परिचय — जन्म और बचपन — अनाथालय से भागना — नौकरी के कटु अनुभव — चोरी का आरोप — निराशा और याचना।

◆◆◆



https://www.gujaratboardonline.com